भारत सरकार के तत्वाधान में "उच्च शिक्षण संस्थानों की सामाजिक विकास में उत्तर दायित्वता" विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 20-04-2022 बुधवार को जनता कालेज बकेवर (इटावा) सम्बद्ध छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद , शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में "उच्च शिक्षण संस्थानों की सामाजिक विकास में उत्तर दायित्वता " विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के आठ जनपदों के प्राचार्यों ने सहभागिता की तथा सम्बन्धित विषय क्रम में सभी ने अपने-अपने महाविद्यालयों द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्यों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उक्त अवसर जनता कालेज , बकेवर इटावा एवं नारायन कालेज शिकोहाबाद को अपने-अपने जिलों हेतु 'डिस्ट्रिक ग्रीन चैम्पियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उक्त अवार्ड हेतु माह फरवरी 2022 में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद की टीम द्वारा निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर आंकलन किया गया था। जिसमें जल प्रबन्धन, हरित प्रबन्धन, कचड़ा निस्तारण, ऊर्जा संरक्षण तथा साफ-सफाई आदि प्रमुख बिन्दु थे। महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के प्रदेश समन्वयक डाॅ. अनिल कुमार दुबे , श्री जे. सांई सुधीर कुमार ने इस अवसर पर महाविद्यालय को डाॅ. डब्लू जी प्रसन्ना कुमार , चैयरमेन द्वारा प्रदत्त प्रमाण प्रदान किया। जनता कालेज बकेवर (इटावा) हेतु पुरस्कार प्रमाण-पत्र कालेज प्राचार्य डाॅ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्राप्त किया एवं नारायन कालेज शिकोहाबाद का प्रमाण-पत्र वहाँ के प्राचार्य डाॅ. वी.के. सिंह ने प्राप्त किया। डाॅ. अनिल कुमार दुबे जी ने कहा कि उन्होंने देश एवं प्रदेश के बहुत से महाविद्यालयों का निरीक्षण किया है किन्तु जनता कालेज बकेवर जैसी सुदृढ़ व्यवस्थायें बहुत ही कम महाविद्यालयों में देखने को मिली हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय को उत्तर प्रदेश का मेन्टर नियुक्त किया जाता है। जे. सांई सुधीर कुमार ने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराया एवं कहा कि जनता कालेज , बकेवर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के सभी मानकों को पूरा कर रहा है। कार्यशाला में निम्न जिलों यथा कानपुर नगर, कानपुर देहात, फिरोजाबाद, उन्नाव, औरैया, फर्रूखाबाद एवं कन्नौज के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्राध्यापकों ने सहभागिता की। कार्यशाला में कालेज प्रबन्धक/सेक्रेटरी श्री अरविन्द कुमार मिश्र ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कालेज प्राचार्य डाॅ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कालेज के सभी प्राध्यापकगण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहभागिता की।

Janta College, Bakewar
Department of Higher Education
Ministry of Education
Government of India